# Brain International School

Vikas Puri, New Delhi

## अभ्यास पत्र - 3

**विषय - हिंदी** **कक्षा - छह** **जुलाई - 2025**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

परिश्रम मानव जीवन का सबसे महत्त्वपूर्ण गुण है। यह वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। बिना परिश्रम के कोई भी व्यक्ति अपनी मंजिल तक नहीं पहुँच सकता। परिश्रमी व्यक्ति ही जीवन में सफलता प्राप्त करता है। परिश्रम से ही व्यक्ति की प्रतिभा का विकास होता है और वह समाज में मान-सम्मान प्राप्त करता है। परिश्रम करने से व्यक्ति के मन में आत्मविश्वास बढ़ता है और वह कठिन से कठिन कार्य को भी आसानी से कर सकता है। सफलता के मार्ग में आने वाली बाधाओं को पार करने के लिए परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। आलस्य, व्यक्ति को पीछे धकेलता है और उसे असफलता की ओर ले जाता है। जो व्यक्ति परिश्रम करता है, वही अपनी जिंदगी को सही दिशा में ले जा सकता है और अपने सपनों को साकार कर सकता है। परिश्रम से ही व्यक्ति समाज में एक आदर्श प्रस्तुत कर सकता है और दूसरों को प्रेरणा दे सकता है इसलिए हमें हमेशा परिश्रम करने का संकल्प लेना चाहिए और अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए।

क) परिश्रम का क्या महत्त्व है?

i. यह व्यक्ति को आलसी बनाता है।

ii. यह व्यक्ति को असफलता की ओर ले जाता है।

iii. यह व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाता है।

iv. यह व्यक्ति को निराश करता है।

ख) व्यक्ति के आत्मविश्वास में वृद्धि किससे होती है?

i. परिश्रम से ii. आलस्य से iii. असफलता से iv. निराशा से

ग) परिश्रम से व्यक्ति क्या प्राप्त करता है?

i. असफलता ii. आलस्य iii. सफलता iv. निराशा

घ) परिश्रम से आत्मविश्वास कैसे बढ़ता है?

**ङ)** परिश्रम का समाज में व्यक्ति की प्रतिष्ठा पर क्या प्रभाव पड़ता है?

## पाठ - हार की जीत

**प्रश्न 1. पाठ के आधार पर बताइए कि दिए गए कथन किसने, किससे और क्यों कहे थे?**

(क) "बाबा जी. आज्ञा कीजिए। मैं आपका दास हूँ, केवल यह घोड़ा न दूँगा।"

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

(ख) "लोगों को यदि इस घटना का पता चला तो वे किसी गरीब पर विश्वास न करेंगे। दुनिया से विश्वास उठ जाएगा।"

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

## रहीम के दोहे

1. लोग किस समय अपनापन दिखाते है?
2. हित- अहित से क्या अभिप्राय है?
3. संपत्ति होने पर लोग कैसा व्यवहार करते है ?
4. 'साँचे मीत' से क्या अभिप्राय है?

**व्याकरण**

**क) दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए।**

युवक, नर, सिंह, हाथी

**ख) दिए गए तत्सम शब्दों को तद्भव रूप में बदलिए।**

वानर, ग्राम, आम्र , अग्नि

**ग) दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए।**

शत्रु, बुरा, कारीगर , देव

**घ) दिए गए रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।**

i) मैंने **पुस्तक** पढ़ी।
ii) पार्किंग में **गाड़ी** खड़ी है
iii) **चिड़िया** ने सारा दाना चुग लिया।
iv) **नदी** पर पुल बनाया गया है।

## रचनात्मक लेखन

1. दो मित्रों के बीच उनके पसंदीदा खेल के बारे में बातचीत को लगभग 60- 80 शब्दों में संवाद रूप में लिखिए।
2. जन्मदिन पर शुभकामना देते हुए मित्र को लगभग 50- 60 शब्दों में संदेश लिखिए ।